हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025

11 350 करोड़ के बीमा क्लेम का भुगतान व दोषियों की ...



12 जागा प्रशासन, टूटे डिवाइडर व ग्रिल की जगह ...



## खबर संक्षेप

### इग्नू में 31 तक करवा सकते हैं रि-रजिस्ट्रेशन

**चरखी दादरी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह अंतिम तिथि 15 जुलाई थी। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया कि 31 जुलाई तक विद्यार्थी सभी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड और ऑनलाइन मोड में उपलब्ध कोर्सों में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### रेलगाड़ी चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**लोहारू।** बीते दिवस लोहारू-रेवाड़ी रेल मार्ग पर रेवाड़ी से सीकर जाने वाली पैसेंजर रेलगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ उम्र के व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी चौकी इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि बीते दिवस रेवाड़ी-सीकर पैसेंजर रेलगाड़ी की चपेट में आने से सतनाली निवासी 45 वर्षीय ईश्वर सिंह की मौत हो गई थी। जीआरपी पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि मृतक के बेटे सोमबीर सिंह के बयानों के आधार पर शव पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।



### फाउंडेशन ने किए स्कूल में पंखे भेंट

**भिवानी।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी हनुमान, भिवानी में हमारा अपना फाउंडेशन के द्वारा बिल्लू कुगंड़ियां के सहयोग से छोटे बच्चों को गर्मी से राहत दिलवाने के लिए पांच पंखे भेंट किए गए। इस के लिए स्कूल के सभी स्टाफ ने फाउंडेशन का धन्यावाद करते हुए, कहा हम सब के लिए इस प्रकार की समाज सेवा सराहनीय कार्य को दर्शाती है। इस अवसर पर वर्धमान ज्वैलर्स के संचालक सचिन जैन, फाउंडेशन के सीईओ एसके सिंह, कोर कमेटी के अध्यक्ष आर पी ओला व एडवोकेट देवेन्द्र और स्कूल के सभी टीचर मौजूद रहे।

### 12 को पंचकुला में होगी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा स्कूली बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 12 अगस्त को जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संदीप हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया है।

## बारिश के पानी से हजारों एकड़ में कपास और बाजरे की फसल ने तोड़ा दम

# पानी में डूबे किसानों के अरमान, फसलों को कैसे बचाएं, समझ में नहीं आ रहा समाधान





भिवानी। बारिश के जमा पानी से बर्बाद हुई कपास की फसल और बरसात के पानी में डूबी धान की फसल।

**बवानीखेड़ा हलके के गांव लोहारी जाटू, बवानीखेड़ा, मंढाणा, तिगड़ाना, मिताथल, घुसकानी, धनाना, जताई, बडेसरा के अलावा अनेक गांवों में खरीफ की फसलें तबाह होने की स्थिति में पहुंच गई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

किसान ने खरीफ फसल से होने वाली आमदनी पर न जाने क्या क्या अरमान संजो कर कार्य करता है। इस बार भी ऐसा ही किया। किसान ने अपने खेतों में कपास, धान व ज्वार बाजरे की फसलों की बिजाई की,लेकिन इस बार मानसून की मेहरबानी ने हर किसी को परेशानी में डाल दिया। तेज बारिश से लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली,लेकिन जिन इलाकों में बारिश का पानी जमा है।

बारिश के पानी की निकासी की सही व्यवस्था न होने की वजह से खरीफ की फसल पानी डूब गई। सबसे ज्यादा कपास व बाजरे की फसल प्रभावित हुई। फिलहाल जिले में करीब एक हजार से ज्यादा एकड़ भूमि की कपास बारिश के पानी से खतम होने की कगार पर पहुंच गई है। ऐसी स्थिति ज्वार व बाजरे की फसल की बनी है। इन फसलों के भी बारिश के पानी की निकासी न होने से खतम होने के आसार बन गए है। अगर जल्द बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पाई तो किसानों के अरमान पानी में डूब कर खतम हो जाएंगे। बवानीखेड़ा हलके के गांव लोहारी जाटू, बवानीखेड़ा, मंढाणा, तिगड़ाना, मिताथल, घुसकानी, धनाना, जताई, बडेसरा के अलावा अनेक गांवों में बारिश के पानी जमा होने से खरीफ की फसले तबाह होने की स्थिति में पहुंच गई है।

पिछले कई दिनों से तेज बारिश से हर क्षेत्र में फसले प्रभावित होने लगी है। कपास की फसलों में एक से डेढ फुट तक बारिश का पानी जमा है। बारिश के पानी निकासी नहीं हो पाई है। जिस वजह से बारिश का पानी धूप निकलते ही गर्म हो जाता है और उससे कपास के पौधे की जड़े जलने लगती है और दो से तीन दिनों के भीतर कितना भी बड़ा कपास का पौधा हो,लेकिन दम ही तोड़ रहा है। फिलहाल बारिश के पानी से जिले में करीब एक हजार से ज्यादा एकड़ में कपास की फसल प्रभावित हुई है।

अब फसल के पौधे अपने आप जलने लगे है। यही स्थिति ज्वार व बाजरे की फसल की बनी है। ज्वार व बाजरे की फसल में ज्यादा पानी जमा होने फसल जलने लगी है। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में कपास, ज्वार व बाजरे की फसल से किसानों को हाथ धोने पड़ सकते है।

### ज्यादा पानी से धान की फसल उखड़कर पहुंच रही है किनारों पर



कपास ही नहीं ज्यादा बारिश से धान की फसल भी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। ज्यादा बारिश से धान की फसल में करीब ढाई से तीन फुट तक बारिश का पानी जमा है। ज्यादा बारिश का पानी जमा होने से जिन किसानों ने अपने खेतों में धान की फसल की रोपाई करवा दी है। उन किसानों के खेतों से ज्यादा पानी के चलते अपने आप उखड़कर धान की पौध खेतों के किनारों तक पहुंच रही है। कुछ जगहों पर ज्यादा पानी के चलते धान की पौध पानी में डूब गई। अगर उन पौधों को हवा नहीं लगती तो वे आने वाले एक दो दिनों में अपने आप गल जाएगी। फिलहाल किसानों के लिए बारिश वरदान नहीं बल्कि अभिशाप से कम साबित नहीं हो रही है।



भिवानी। बारिश के पानी की निकासी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपने जाते हुए।

## चांगवासियों ने अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव चांग के ग्रामीणों ने समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त के माध्यम से उपायुक्त को बरसानी पानी निकासी, गांव में बिजली सुचारू रूप से छोड़ने तथा कर्मचारियों की मनमानी को लेकर शिकायत पत्र सौंपा। शिकायत पत्र सौंपते हुए ग्रामीण मान सिंह, महेन्द्र, एडवोकेट अनिल चांग, मदन, मनोहर, बिन्टु, निटु, धर्मबीर, मनू महता, रमेश, रणबीर, हमीर, जगा, प्रहलाद, मा. आनंद, बलवान रंगा, राजेन्द्र, रामनिवास सैनी, मुकेश हवलदार, आकाश, दलवीर आदि ने बताया कि गांव चांग के खेतों में लगभग 3 हजार एकड़ भूमि में 4 फुट के करीब बरसाती पानी व जुई नहर की मोहरी से होकर आने वाले पानी से फसले डूब चुकी हैं। इसके बारे में तेजी से पानी निकासी के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी सूचित किया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई पुखता प्रबंध नहीं किए गए जिससे की शीघ्र ही खेतों में जमा पानी निकाला जा सके। उन्होंने उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि उनके खेतों में जमा पानी के शीघ्र निकासी के प्रबंध किए जाएं, जब तक खेतों का पानी नहीं निकल जाता तब तक 24 घंटे बिजली की व्यवस्था की जाए तथा पानी निकासी के लिए लगाए गए कर्मचारियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए।





भिवानी। मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य।

## बारिश से खेतों में भरे पानी की निकासी व बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी के नेतृत्व में गांव धनाना, बडेसरा, घुसकानी व बलियाली रामपुरा के किसानों ने भारी बारिश से उनके खेतों में भरे पानी निकासी के लिए तथा बर्बाद फसलों का मुआवजा देने वास्ते भिवानी के उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला उपायुक्त को ज्ञापन दिया।

किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश, जिला कमेटी सदस्य करतार ग्रेवाल व मास्टर शेर सिंह ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि हाल की भारी बारिश से बवानीखेड़ा व भिवानी तहसील के गांव धनाना, तालु, मुंढाल, जताई, बडेसरा, मिताथल, घुसकानी, तिगड़ाना, प्रेमनगर, बलियाली, रामूपुरा व कुछ अन्य गांव के खेतों में 3-4 फुट पानी भरा हुआ है। जिससे धान व अन्य खरीफ फसलें शत प्रतिशत नष्ट हो गई है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सबसे पहले जिला प्रशासन व सिंचाई विभाग खेतों में खड़े पानी की निकासी सुनिश्चित करे, विशेष गिरदावरी व मुआवजे हेतु शीघ्र फसल क्षति पूर्ति पोर्टल को खोला जाए व पीड़ित व प्रमावित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि हर वर्ष अत्याधिक बारिश से इकट्ठा हुआ पानी निकालने, ड्रेन सफाई की सफाई व बाढ़ रोकने वास्ते सरकारों से करोड़ों का खर्च दिखाया जाता है, परंतु किसान को कोई राहत नहीं मिलती और 50 हजार रुपये प्रति एकड़ ठेके पर जमीन लेने वाला किसान तथा अन्य गरीब व मध्यम किसान इस आफत से तबा हो जाते है। इन प्रभावित गांव के किसानों ने उपायुक्त से व्यक्तिगत मुलाकात करके अपनी व्यथा बताई है।

**समाधान का आश्वासन:** उपायुक्त साहिल गुप्ता ने किसानों की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। इसमें धनाना गांव से यूनिट प्रधान सुबेदार धर्मबीर, सचिव सत्यवान, सलाहाकार कृष्ण धनाना, घुसकानी से यूनिट प्रधान रामभक्त, किसान नेता सतबीर, राजकुमार दलाल, बड़ेसरा से राजेश, महेन्द्र सिंह, बलियाली से ब्लाक प्रधान रामोतार बलियाली, कमेटी सदस्य अनूप शर्मा सहित कई किसान शामिल रहे।

# बगैर मान्यता चल रहे 37 प्ले स्कूलों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ महिला एवं बाल विकास विभाग ने तीन दिन के अंदर ऑनलाइन आवेदन करने के निर्देश दिए

जिले में बिना मान्यता चल रहे 37 प्ले स्कूलों को महिला एवं बाल विकास विभाग ने नोटिस जारी किए हैं। इनमें वे स्कूल भी शामिल है जिन्होंने ऑफलाइन आवेदन किया है। सभी स्कूल संचालकों को नोटिस मिलने के तीन दिन के अंदर ऑनलाइन आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय में आवेदन नहीं करने पर विभाग कार्रवाई करेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने बताया कि जिला में सरकार के निर्देशों एवं नियमों के अनुसार बच्चों की सुरक्षा और समग्र विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशन का सख्ती से पालन होगा। उन्होंने सभी निजी प्ले स्कूलों को चेतावनी दी कि बिना मान्यता संचालन न करें, ऐसा करने पर सख्त कार्यवाही होगी। जिला प्रशासन को जानकारी मिली कि जिले में कई प्राइवेट प्ले स्कूल बिना पंजीकरण चल रहे हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि प्ले स्कूल भवन सुरक्षित स्वच्छ और बच्चों के अनुकूल होना चाहिए। कक्षाओं का क्षेत्रफल तय मानकों के अनुसार होना जरूरी है। स्वच्छ पेयजल ,शौचालय और हाथ धोने की व्यवस्था अनिवार्य है। सभी शिक्षक और कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन जरूरी होगा। स्कूल परिसर में सीसीटीवी कैमरे और अग्निशमन यंत्र भी अनिवार्य रहेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण या एनसीपीसीआर की अनुमति के कोई भी प्ले स्कूल नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ है किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों का दाखिला कराने से पहले स्कूल की मान्यता की जांच जरुर करें।

## सीईटी को लेकर परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू आदेश के उल्लंघन होने पर होगी कार्यवाही: डीसी

**चरखीदादरी।** जिलाधीश मुनीश शर्मा ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग बोर्ड द्वारा 26 व 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली सीईटी परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा के आदेश जारी किए हैं। आदेशों में कहा गया कि परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा 200 मीटर परिधि में कोई भी व्यक्ति आग्नेयास्त्र, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हड़ी, जाली, चाकू और अन्य हथियार जैसे अपराध के हथियार लेकर नहीं चल सकेगा। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में स्थित जेरॉक्स, फोटोस्टेट की दुकानों, डुप्लीकेटिंग सुविधा, साइबर कैफे और प्रसारण गतिविधि के संचालन पर भी रोक रहेगी। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की दूरी पर कई फोटोस्टेट की दुकानें चल रही हैं, जो परीक्षार्थियों को भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री की प्रतियां उपलब्ध करा सकती हैं और परीक्षा केंद्रों के आसपास उपद्रव भी पैदा कर सकती हैं।

**युवा संसद कार्यक्रम** | 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# युवा संसद में गूंजे ऑपरेशन सिंदूर, अनाज भंडारण और बेटियों के सुरक्षा के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। मानहेरू के स्कूल में आयोजित युवा संसद में उपस्थित बच्चे व शिक्षक।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है कि उन्हे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान से भी जोड़ा जाए। इसी उद्देश्य को लेकर जिला के मानहेरू स्थित राजकीय कन्या वमाव में वीरवार को युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एससीईआरटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता विद्यालय इंचार्ज लक्ष्मी शर्मा ने की।

इस दौरान 9वीं से 12वीं कक्षा तक के करीबन 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका विकास शर्मा, नरेश कुमार, अंजू ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विकास चौधरी एवं दयानंद डीपीई की विशेष भूमिका रही। युवा संसद प्रतियोगिता की शुरूआत पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि से हुई। इसके उपरांत लोकसभा के नए सदस्यों शपथ दिलाई गई। प्रश्नकाल के दौरान पहलगाम सुरक्षा में चूक, अनाज भंडारण, बेटियों के सुरक्षा के मुद्दे जोर-शोर से उठाए गए। सत्ता पक्ष ने इन सभी मुद्दों पर अपनी स्थिति स्पष्ट की तथा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहलगाम आतंकी के हमलों को करारा जवाब दिया। लंबी बहस के बाद नागरिक पहचान पत्र विधेयक पारित किया गया।

लोकसभा अध्यक्षा की भूमिका में ममता गौड, उपाध्यक्ष अन्नु चौहान, विपक्ष की नेता तमन्ना, प्रधानमंत्री की भूमिका पायल, गृह मंत्री की भूमिका सानिया, रक्षा मंत्री मन्नत, बाल विकास मंत्री की भूमिका मुस्कान ने निभाई। इस मौके पर विद्यालय इंचार्ज लक्ष्मी शर्मा, विकास चौधरी एवं दयानंद डीपीई ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में संसदीय प्रक्रियाओं की समझ विकसित करना, नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना और उन्हें देश के लोकतांत्रिक ढांचे से परिचित कराना था। इस मौके पर निर्णायक मंडल ने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ना केवल छात्राओं के ज्ञान को बढ़ाती हैं बल्कि उनमें आत्मविश्वास और सार्वजनिक बोलने के कौशल को भी विकसित करती हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर सरपंच प्रदीप कुमार, शिक्षाविद सरवर सिंह, एसएमसी प्रधान साधना चौहान सहित समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं मौजूद रही।

### हत्यारोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन



**बवानी खेड़ा।** हिसार वासी गणेश वाल्मीकि की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हरियाणा जागृति मोर्चा के सदस्यों ने तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। इस पर अधिकारी ने उनकी मांग राज्यपाल तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। हरियाणा जागृति मोर्चा, वाल्मीकि सभा, रविदास सभा, साहसी समाज एवं क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्यों ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत में हिसार निवासी गणेश अपने जन्मदिन पर घर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर रखा था। रात को करीब 11 बजे पुलिस पहुंची और गणेश व उसके परिजन आराम से अपने घर के भीतर कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने गणेश को कथित रूप से छत से धक्का दे दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल

**ADARSH MAHILA MAHAVIDYALAYA**
**HANSI GATE, BHIWANI-127021 (HARYANA)**

**TENDER NOTICE** Website: dev.ammb.ac.in

Tenders are hereby invited from eligible Proprietors/Firms for the Supply and Installation of Laboratory fixtures, framework & workbenches for the Chemistry laboratory along with LPG Gas Valves at Adarsh Mahila Mahavidyalaya, Bhiwani (Haryana). Detailed tender information and specifications can be downloaded from the college website: **dev.ammb.ac.in.** The last date and time for submission of the tender is on or before 28.07.2025.

The institution reserves all the right to reject any or all tenders without assigning any reason.

Principal
Date: 17.07.2025 Place: Bhiwani Adarsh Mahila Mahavidyalaya, Bhiwani

**SURAJ DEGREE COLLEGE**
**Bucholi Road, MAHENDERGARH**

**REQUIRES**

Admin Department: Dean, Vice Principal, Academic Head, HOD's

Science Department: Assoc. / Asst. Prof. — Computer Science, Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany,

Humanities & Commerce Department: Assoc. / Asst. Prof. — Yoga, English, Hindi, Commerce History, Geography, Political Science

Support Staff: Lab Assistant for Physics, Chemistry, Zoology, Botany, Computer, Receptionist, Electrician, Discipline Incharge, Computer Operator, Sports Incharge.

**Walk in Interview**

Come with resume, a set of photocopy of academic records and recent PP size photographs at College Campus

**Sunday, 20th July, 2025**

(TIME : 10:00 am to 2:00 pm)

Call : 9991530053, 8607555793 email : info@surajeducation.com

स्पेशल : नेशनल मैंगो-डे, 22 जुलाई

# मजेदार किस्सों से भरे मीठे-रसीले आम

आम का नाम सुनते ही इन्हें खाने के लिए मन ललचा जाता है। ललचाए भी क्यों ना, यह खाने में मीठे, रसीले के साथ खट्टे-चटपटे भी होते हैं। तरह-तरह के आमों के पीछे मजेदार किस्से छुपे हैं, एक रोचक इतिहास है। बच्चो, आमों से जुड़ी तुम्हारे लिए बहुत ही रोचक जानकारी।



रोचक
देवेंद्र मेवाड़ी



नन्हे दोस्तो, तुम्हें मीठे-मीठे रसीले आम खाने में खूब मजा आता होगा। आज हम तुम्हें आम से जुड़ी कई कहानियां और इतिहास बताते हैं।

## कहां हुआ आम का जन्म

आम का जन्म वहीं हुआ, जहां हमारा जन्म हुआ! मतलब आम और हमारी जन्मभूमि भारत ही है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हमारे देश में आम का जन्म हजारों वर्ष पहले इसके पूर्वी भाग में हुआ। भारत के साथ-साथ बर्मा मतलब म्यांमार में भी आम का जन्म हुआ। भारत में कम से कम 5,000 साल से आम उगाया जा रहा है।

## इतिहास के झरोखे में आम

सिकंदर जब भारत पर आक्रमण करने के लिए आया तो उसने सिंधु घाटी में पहली बार आम के पेड़ देखे। चीनी बौद्ध यात्री ह्वेनसांग ने भी भारत में आम के पेड़ देखे। वह अपने साथ आम को चीन ले गया। प्रसिद्ध विदेशी यात्री इब्न-बतूता ने तो लिखा है कि भारत के लोग आम के फलों को चूसते हैं या काट कर खाते हैं और कच्चे आम का अचार डालते हैं। मुगल बादशाहों ने भी आम की बड़ी तारीफ की है। बाबर ने इसे हिंदुस्तान का सबसे उम्दा फल बताया। अकबर ने बिहार में दरभंगा के लालबाग में आम के एक लाख पेड़ों का बाग लगवाया। पुर्तगाली जब भारत आए तो उन्होंने केरल में पहली बार आम देखा। वहां लोग मलयालम भाषा में इसे मामपलम कहते थे। पुर्तगाली इस फल को मांगो कहने लगे। बाद में जब अंग्रेज आए तो उन्होंने इस मांगो को मैंगो कहना शुरू कर दिया।



एआई इमेज

## किस्म-किस्म के आम

दोस्तो, भारत से आम दुनिया भर में फैला। फिर भी आज दुनिया में इसकी सबसे अधिक बागवानी हमारे देश में ही की जाती है। इसकी एक-दो नहीं बल्कि सैकड़ों किस्में हैं। इतनी कि अगर आम के नाम बताने लगें तो ना जाने कितने पन्ने भर जाएंगे। लो जानो आमों की अनगिनत वैरायटीज में से कुछ के नाम- दशहरी, चौसा, लंगड़ा, सफेदा, बंबइया, बंगलौरा, गुलाब खास, जर्दालू, फजली, समर बहिश्त चौसा, नीलम, सुवर्ण रेखा, बंगनपल्ली, पैरी, मलगोवा, मल्लिका, अल्फांसो, आम्रपाली आदि। यानी, देश के हर कोने में हर किसी के लिए आम की कोई न कोई किस्म जरूर है।

## आमों के किस्से

दोस्तो, किस्म-किस्म के आमों के किस्से भी बहुत मजेदार हैं। 'लंगड़ा' को ही ले लो। भला, लंगड़ा किस लिए? इसलिए कि इस किस्म के आम का पहला पेड़ बनारस में एक लंगड़े फकीर बाबा के घर के पिछवाड़े में उगा था! वहीं से चारों ओर फैला। और, स्वादिष्ट दशहरी, यह लखनऊ के पास मलीहाबाद के दशहरी गांव में पैदा हुआ। इसका स्वाद इतना अच्छा था कि आम लोगों ने तो इसे मुंह लगाया ही, लखनऊ के नवाबों और वजीरों ने भी इसे खूब पसंद किया। मलीहाबाद तहसील के ही चौसा गांव में लोगों ने जब पहली बार एक अलग स्वाद और सुगंध वाला आम चखा तो उसका नाम 'समरबहिश्त चौसा' रख दिया। और फजली, फजली क्यों कहलाया? इस बारे में कहते हैं, बिहार के भागलपुर में एक औरत थी, फजली। पहली बार उसी के आंगन में फला-फूला था यह आम। इसे पालने-पोसने वाली फजली के नाम पर यह फजली कहलाया। भागलपुर से यह पूरे बिहार में ही नहीं, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब तक फैल गया। अब सुनो कलमी आम की कहानी। कलम लगाने की कला ने किस्म-किस्म के आम पैदा करने में हमारी बड़ी मदद की है। यों तो मुगल बादशाहों के जमाने में आम की खूब कलमें बांधी गईं, लेकिन आज कलम लगा कर आम की एक से एक बढ़िया किस्म तैयार की जा रही है। इस कला में भी मलीहाबाद, लखनऊ के हाजी कलीम उल्ला खान साहब ने तो कमाल ही कर दिखाया है। वे कलम लगा कर आम के एक ही पेड़ में 300 से भी अधिक किस्मों के आम पैदा कर चुके हैं।



हाजी कलीम उल्ला खान साहब

दोस्तो, विदेशी लोग यह देखकर हैरान रह जाते हैं कि हम खट्टे-मीठे आमों का किस-किस तरह से स्वाद ले लेते हैं। कच्चे आम की चटनी और अचार बना लेते हैं। पके हुए देशी आम को मजे से चूस लेते हैं और कलमी आम को सफाई से काट कर सलीके से खाते हैं। लू की लपटों से बचने के लिए आम का 'पना' बना लेते हैं तो पके फलों को दूध में घोट कर मैंगो शेक तैयार करते हैं। आम के रस और गूदे से अमावट यानी आम-पापड़, अंबापोली और आम-पट्टी बना लेते हैं। आम का स्क्वैश, जैम, जैली और मुरब्बा भी बना लेते हैं।

नन्हे प्यारे दोस्तो, एक बात जरूर याद रखना, आम बहुत पौष्टिक फल है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी और कई खनिज पाए जाते हैं। इसलिए दोस्तो, आम के गुण गाए जाओ और खूब आम खाए जाओ। *

### दुनिया का सबसे मीठा-कीमती आम

दोस्तो, मीठे आम तो हम सभी को पसंद हैं, लेकिन जानते हो, दुनिया में सबसे अधिक मीठा आम कौन-सा है और कहां पैदा होता है? दुनिया का सबसे मीठा आम है काराबाओ मैंगो, जो फिलीपींस में पैदा होता है। इसे मनीला मैंगो भी कहते हैं। यह आम खूब मीठा होता है, इसमें रेशा नहीं होता। हमारे देश में अल्फोंसो हापुस सबसे स्वादिष्ट आम माना जाता है। बाजार में सबसे कीमती आम भी यही है। लेकिन, दुनिया का सबसे कीमती आम है जापान का मियाजाकी आम। एक किलो मियाजाकी आम की कीमत है करीब तीन लाख रुपए।



काराबाओ मैंगो



मियाजाकी मैंगो

स्पेशल : इंटरनेशनल आइसक्रीम-डे, 20 जुलाई

टिन्नी की बुरी आदत थी कि वह अपने भाई पीयूष के साथ कोई चीज शेयर नहीं करती थी, जबकि भाई उसका बहुत ख्याल रखता था। एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि टिन्नी ने अपनी यह बुरी आदत स्वयं ही छोड़ दी।

# आइसक्रीम ने सिखाया सबक

छोटी कहानी
अलका 'सोनी'

टिन्नी और पीयूष भाई-बहन हैं। टिन्नी की एक बुरी आदत है, वो कोई भी चीज अपने भाई के साथ शेयर नहीं करती है। लेकिन पीयूष कुछ नहीं कहता। उसे जब भी कोई चीज मिलती है तो अपनी छोटी बहन के साथ जरूर शेयर करता है। वीकेंड आने वाला था। संडे को पापा के साथ कहां विजिट करने जाना है, इसकी प्लानिंग दोनों भाई-बहन कर रहे थे। टिन्नी बोली, 'क्यों न इस बार मॉल चलें। आइसक्रीम-डे भी आने वाला है। हम वहां बढ़िया से बढ़िया आइसक्रीम खाएंगे।'



एआई इमेज

आइसक्रीम-डे को लेकर पीयूष और टिन्नी दोनों बहुत खुश थे। दोनों ने सोच रखा था कि आइसक्रीम के कम से कम दो-दो फ्लेवर तो खाएंगे ही। संडे आ गया। दिन भर बहुत गर्मी रही। शाम होने पर पीयूष-टिन्नी, पापा के साथ मॉल गए। वहां आइसक्रीम कॉर्नर पर ढेरों फ्लेवर की आइसक्रीम सजी थीं। कुछ दूर पर टर्किश आइसक्रीम वाला भी था। पीयूष टर्किश आइसक्रीम वाले के पास आ गया, उससे बातें कीं और फिर आइसक्रीम खाई। उसने साथ खड़ी टिन्नी को भी खिलाई। टिन्नी को टूटी-फ्रूटी आइसक्रीम चाहिए थी। वो पापा के साथ उसे लेने चली गई। वापस आने पर पीयूष ने टिन्नी से अपनी आइसक्रीम टेस्ट कराने को कहा तो उसने हमेशा की तरह मना कर दिया। पापा ने पीयूष को भी टूटी-फ्रूटी आइसक्रीम दिलवा दी। पीयूष और टिन्नी आइसक्रीम खाते-खाते मॉल से बाहर निकल आए। पापा दोनों को एक किनारे खड़ा कर अपनी कार पार्किंग से निकालने चले गए। तभी बात करते-करते आइसक्रीम टिन्नी की हाथों से छूटकर जमीन पर गिर गई। आइसक्रीम गिरने से टिन्नी रोने लगी। पीयूष उसे उदास देखकर उसके करीब आया और बोला, 'टिन्नी, तुम मेरी आइसक्रीम ले लो, मैं तो वैसे भी एक आइसक्रीम खा चुका हूं। ज्यादा खाऊंगा तो नुकसान पहुंचाएगी।'

इस बात पर टिन्नी चौंकी और बोली, 'तुम मुझसे अपनी आइसक्रीम शेयर करोगे? मैं तो कभी कोई चीज तुमसे शेयर नहीं करती।'

'तो क्या हुआ, तुम मेरी छोटी बहन हो। हमें एक-दूसरे से अपनी चीजें शेयर करनी चाहिए। अब इसे खा लो जल्दी से, नहीं तो यह भी गल कर गिर जाएगी।' यह कहकर पीयूष हंस पड़ा।

टिन्नी ने प्यार से अपने पीयूष भइया को गले लगा लिया। उसने मन ही मन अपने आप से प्रॉमिस कर लिया था कि वह भी अपने भइया के साथ हर चीज शेयर करके खाया करेगी। *

कविता / डॉ. मीरा सिंह 'मीरा'

## आम रसीला



एआई इमेज

आओ मोहन आओ लीला
आओ खाएं आम रसीला।
लगे सभी को मीठा प्यारा
फल का राजा आम रसीला।
लाल-लाल कुछ पीला-पीला
बहुत निराला आम रसीला।
सीढ़ी लेकर दौड़ा राजू
पीछे दौड़ा राम छबीला।
हंसी खुशी सब चढ़े सीढ़ियां
लगे तोड़ने आम रसीला।
हंसकर बोला राम छबीला
सब मिल खाएं आम रसीला।।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## अलग-अलग रंगों की कविताएं


बच्चो, तुम्हें कविताएं बहुत पसंद आती हैं। कुछ बच्चे तो इन्हें गाते-गुनगुनाते भी हैं। तुम्हारे लिए ऐसी ही कविताओं का एक नया संग्रह आया है, जिसे निरंकारदेव सेवक ने लिखा है। इसमें छोटी-बड़ी प्यारी-प्यारी 63 कविताएं संकलित हैं। कुछ छोटी तो इतनी छोटी हैं कि बस चार पंक्तियों में सिमटी हुई हैं, वहीं बड़ी कविताएं किताब के दो पृष्ठों तक में फैली हैं। संग्रह की इन सब कविताओं के अपने अलग और निराले रंग हैं। कहीं तो ये नन्हे बच्चों से बातें करती हैं तो कहीं एक भरा-पूरा किस्सा सुना देती हैं। कुछ कविताओं में तो सीख-भरी बातें भी पिरो दी गई हैं। संग्रह के शुरू में इसके संपादक की लिखी एक भूमिका भी है, जो इन कविताओं के लेखक और इनकी कविताओं के बारे में बहुत सी बातें बताती है। विशेष बात यह है कि इस किताब की कविताओं के साथ मोहक चित्र भी छपे हैं। *




**किताब :** बच्चों की रेल (बाल कविता संग्रह), **लेखक :** निरंकारदेव सेवक, **चयन-संपादन :** प्रकाश मनु, **मूल्य :** 100 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## जीके क्विज-162

1. अंतरिक्ष में जाने वाले भारत के पहले एस्ट्रोनॉट कौन थे?
2. एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला के साथ किन-किन देशों के एस्ट्रोनॉट्स इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) गए थे?
3. सबसे पहले किस विदेशी नागरिक को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था?
4. 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' किसकी आत्मकथा है?
5. उड़ने वाले एक मात्र स्तनधारी जंतु का क्या नाम है?
6. मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय कौन थीं?
7. नोवाक जोकोविच किस खेल के विश्व प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
8. एचसीएल किस एसिड का रासायनिक सूत्र है?
9. महात्मा बुद्ध को किस स्थान पर ज्ञान की प्राप्ति हुई थी?
10. चंडीगढ़ किन दो राज्यों की संयुक्त राजधानी है?



बच्चो, जीके क्विज-162 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-161 का उत्तर :** 1.आस्था पूनिया, 2. दिव्यांशी भौमिक, 3.पराग जैन, 4.1757 ईस्वी, 5.ब्यूनस आयर्स, 6.फुटबॉल, 7. स्फिग्मोमैनोमीटर, 8. जापानी येन, 9.थॉमस एडिसन, 10.सात

**जीके क्विज-161 का सही उत्तर देने वाले :** चंचल-गरियाबंद, सौरभ-बिलासपुर, सौम्या-जांजगीर, कबीर-हिसार, स्वप्निल-जांजगीर, रानू-राजनांदगांव, ओंकार-धमतरी, शुभम-भोपाल, श्वेता-रायपुर, जीतू-दुर्ग

कहानी
विजय सिंह चौहान

बारिश का मौसम हो, रिमझिम फुहारें पड़ रही हों और बच्चों को मस्ती ना सूझे, यह कैसे हो सकता है! सिया, रवि, अर्जुन और पीहू को भी बारिश में मस्ती सूझी। बच्चों ने खेल-खेल में बारिश का मजा ऐसे लूटा कि उन्हें समझ में आ गया कि जो मजा एकसाथ खेलने में है, वह मोबाइल पर वीडियो गेम खेलने में नहीं है।

# बारिश का मजा

'बारिश शुरू हो गई!' सिया खिड़की से बाहर झांकते हुए खुशी से चिल्लाई। रवि, अर्जुन और पीहू भी भागे-भागे खिड़की पर आ गए। काले बादल गरज रहे थे। बारिश की फुहारें धरती को भिगो रही थीं। ठंडी हवा बह रही थी। सिया-रवि के कजिंस अर्जुन-पीहू भी घर के ऊपर वाले फ्लोर पर साथ ही रहते हैं। आज संडे था। बारिश में मौसम सुहाना होने से बच्चे पूरी तरह मस्ती के मूड में हो गए।

'चलो बाहर चलते हैं!' रवि चहकते हुए बोला।

'बारिश में भीगने...?' पीहू ने आंखें फैलाते हुए पूछा। 'हां! और कागज की नाव भी बनाएंगे, पानी में बहाएंगे!' अर्जुन ने उछल कर कहा।

चारों भाई-बहन भागे-भागे पुराने रजिस्टर निकाल लाए। पन्ने फाड़े गए। देखते-देखते कई सुंदर नावें बन गईं।

'मेरी नाव सबसे लंबी है!' रवि ने हाथ ऊपर उठाकर अपनी नाव हवा में घुमाई।

'पर मेरी सबसे सुंदर है!' पीहू ने उस पर बनाई गुलाबी तितली दिखाते हुए कहा।

'चलो! बाहर इन्हें पानी में बहाते हैं!' सिया ने कहा और सब बाहर की ओर दौड़ पड़े।



बाहर बारिश का पानी बह रहा था। एक-एक कर सबने अपनी नावें पानी में छोड़ दीं।

नावें डगमगाईं, दो उलट गईं, दो बहती चली गईं।

'अर्जुन! तेरी नाव तो उलट गई!' रवि बोला।

'कोई बात नहीं, अगली बार मजबूत बनाऊंगा!' अर्जुन बोला। बारिश तेज हो गई थी। बच्चों के चेहरों पर खुशी बढ़ती जा रही थी।

'चलो नावों की रेस करते हैं, नई नावें बनाते हैं।' सिया बोली।

'जिसकी नाव सबसे दूर जाएगी, वही विजेता!' पीहू ताली बजाते हुए बोली।

नावें फिर से बनाई गईं, बहते पानी में छोड़ी गईं। रवि की नाव आगे निकली, फिर अचानक किसी ईंट से टकरा कर रुक गई। उधर पीहू की नाव सबसे दूर पहुंच गई।

'मैं जीत गई!' पीहू उछल पड़ी।

'अगली बार मैं हवाई जहाज बनाऊंगा, उसे उड़ाएंगे!' अर्जुन ने कहा।

'नहीं, अगली बार हम सब मिलकर एक बड़ी नाव बनाएंगे।' रवि बोला, 'और उसमें झंडा भी लगाएंगे!'

सभी बच्चों ने हामी भरी और ठहाका मार कर हंस पड़े। तभी बिजली कड़की, एक पल के लिए बच्चे डर गए। लेकिन डर भी मजेदार था, क्योंकि सब साथ थे।

बारिश में सब भीग चुके थे। कपड़े गीले हो गए थे, लेकिन बच्चे बहुत खुश थे। आज किसी को मोबाइल की याद नहीं आई, ना ही वीडियो गेम की। आज सिर्फ बारिश थी, कागज की नावें थीं, सबकी खिलखलाती हंसी थी। काफी देर तक सभी बारिश की मस्ती में डूबे रहे। जब थक गए तो चारों बच्चे घर के भीतर लौट आए। तौलिए से देह पोंछी, अपने भीगे कपड़े बदले। सिया की मम्मी ने सबको गर्म दूध पीने को दिया। इसके बाद चारों बच्चे बिस्तर पर चादर ओढ़कर लेट गए। देर तक पानी में भीगने से सबको जाड़ा लग रहा था।

'आज मजा आ गया..!' रवि बोला।

'हम रोज साथ खेलेंगे, चाहे बारिश हो या न हो, एक साथ खेलना कितना अच्छा लगता है!' पीहू बोली।

'हां बहुत अच्छा लगता है, मोबाइल से ज्यादा मजा तो सबके साथ असली खेल खेलने में आता है!' सिया चहकते हुए बोली। इस पर सभी बच्चों ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। *

कविता
सतीश मिश्र



एआई इमेज

## बारिश की छम-छम

रिमझिम बारिश की छम-छम,
बिजली चमक रही चम-चम।
छप-छप-छैया पानी में,
खेल रहे हैं सब मिल हम।
कोई तैराता नैया
कागज की सरपट भैया।
कोई अपने आंगन में,
नाच रहा ता-ता थैया।
अंजुरी में पानी भरकर
गीली मिट्टी से रचकर
कुछ बच्चे दरवाजे पर,
बना रहे हैं अपना घर।
उस घर की छत पर छानी,
क्या मजाल टपके पानी।
जिसमें गुड्डा बैठाया,
और साथ गुड़िया रानी।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट पपी के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम फटाफट तीन मिनट में ये पांचों अंतर ढूंढ़कर बताओ।






## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक आदमी और डॉगी का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?






उत्तर : f

## खबर संक्षेप



### कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बाढड़ा।** लाड के सब स्टेशन में आल हरियाणा पावर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की मीटिंग की गई इसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान सुभाष द्वारका ने की व इसका संचालन सब यूनिट सैक्रेटरी सुनिल भांड़वा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए कैशियर प्रविंद्र भांडवा ने कहा कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर कई बार बैठके कर चुके है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। सभी कर्मचारियों की सहमती से फैसला लिया कि कर्मचारियों की सभी मांगों को लेकर बिजली एसडीओ बाढड़ा को ज्ञापन सौंपेंगें।



### गंगा समग्र कार्यकर्ताओं ने किया जलाभिषेक

**भिवानी।** हुन्नामल की प्याऊ में गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं ने भगवान भगवान शिव का जलाभिषेक किया तथा पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का मार्गदर्शन हरियाणा प्रांत संयोजक सतपाल शर्मा ने किया। इस दौरान सभी ने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में गंगा समग्र के कार्यकर्ताओं और कार्यकारिणी हरियाणा सहसंयोजक हरियाणा प्रांत गंगा सेविका बबीता, प्रांत संयोजक तालाब, रेखा राघव, भिवानी जिला संयोजक सोनू पंवार, सहसंयोजक वीना तंवर, आरती, प्रमुख अशोक राघव, शिक्षा संस्थान प्रमुख मधु तंवर, घाट प्रमुख सज्जन कौर के साथ मिलकर इस कार्य को गंगा आरती के साथ में शुरू किया।

### किसान संगठन ने मांगों को लेकर की नारेबाजी

**बाढड़ा।** चरखी दादरी जिले में पिछले रबी सीजन की खराब फसलों के मुआवजा, कृषि क्षेत्र में दस करोड़ की राशी जमा करवाने के बावजूद ट्यूबवैल कैनेक्शन जारी न करने व बकाया 150 सौ करोड़ मुआवजा जारी न करने पर क्षेत्र के किसान संगठनों ने तहसील कार्यालय में बेमियादी धरना प्रदर्शन शुरु किया जिसको अनेक सामाजिक व राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंच कर समर्थन देने का एलान किया।

### पूर्व विधायक सोमवीर ने ग्रामीणों से की मुलाकात

**बाढड़ा।** प्रदेश की भाजपा सरकार आम जनमानस की मांगों को लेकर कोई संजीदगी नहीं बरत रही है। छह साल बाद सीएम विधानसभा में आ रहे हैं तो उनको पहले जिले में अधिकारियों के रिक्त पदों पर स्थाई तैनाती, बकाया मुआवजा व ट्यूबवैल कनेक्षन जारी करने के अलावा शिक्षा के क्षेत्र की सबसे बड़ी जरुरत के रुप में आईआईटी की घोषणा करवानी चाहिए। यह बात वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण ने क्षेत्र के गांव घसौला, झोझूकलां, कादमा, जेवली, ढाणी सुरजा, काकड़ौली, लाडावास आदि आधा दर्जन गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट में विस क्षेत्र की प्रगति के निचले पायदान पर दर्शाई है।

## किसानों के अनिश्चितकालीन धरने को मिल रहा लोगों का समर्थन

# 350 करोड़ के बीमा क्लेम का भुगतान व दोषियों की गिरफ्तारी जरूरी: कमल

### अकेले लोहारू हलके के किसानों को 190 करोड़ रुपये बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

खरीफ फसल 2023 बीमा क्लेम भुगतान व किसान हित की मांगों को लेकर किसान संगठनों द्वारा लोहारू में शुरू किए अनिश्चितकालीन धरने को विभिन्न संगठनों के लोगों ने समर्थन देना शुरू कर दिया है। उसी कड़ी में युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष कमल प्रधान ने गुरुवार को धरना स्थल पर पहुंच किसानों का समर्थन किया और कहा कि अकेले लोहारू हलका के किसानों को 190 करोड़ रुपए तथा भिवानी व चरखी दादरी जिला के 350 करोड़ रुपए का बीमा क्लेम बकाया है। जो कि किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने कहा कि अब लोहारू का किसान जाग गया है।




**लोहारू।** लोहारू में किसानों के महापड़ाव में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए कमल प्रधान। *फोटो: हरिभूमि*

#### सहयोग की अपील

उन्होंने कहा कि 350 करोड़ रुपए का बीमा क्लेम भुगतान व दोषियों को गिरफ्तार किया जाना जरूरी है। किसान नेता अशोक आर्य एडवोकेट एवं अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव कामरेड जगरोशन ने बताया कि फसल बीमा क्लेम आंदोलन मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है गांव-गांव में आम आदमी आंदोलन के साथ जुड़ रहा है तथा अब किसान संगठनों के अलावा अन्य सामाजिक संगठन किसान के इस संघर्ष में यथासंभव सहयोग की अपील की जाएगी। किसान नेता डॉ बलवीर सिंह ठाकन ने कहा कि बीमा कंपनी ने कृषि अधिकारियों व सरकार में शामिल राजनेताओं से साज-बाज होकर किसानों की पीठ पर छूरी चलाने का काम किया है। आज के धरना का संचालन किसान नेता कविता आर्य एडवोकेट ने किया तथा अध्यक्ष मंडल में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष रामफल देसवाल, जगदीश बारवास, देवीदयाल पहाड़ी शामिल रहे।

**इन्होंने विचार व्यक्त किए:** अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव कामरेड जगरोशन, कप्तान इंद्राज सांगवान, सुरेश फरटिया, धर्मपाल बारवास, मां. दयानंद सांगवान दमकोरा, राजेंद्र शेखावत, कर्ण सिंह जैणावास, पूर्व सरपंच भीम सिंह पहाड़ी, मां. रामकुमार ढ़िल्लो, मां. उमराव सिंह मोरकां, नरेश पहाड़ी ने अपने विचार व्यक्त किए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रामपाल सिंघानी, उमेद फरटिया, धनपत सिंह, राम सिंह शेखावत, हवा सिंह बलोढा, पूर्व सरपंच सुरजभान गिगनाऊ, मां. सरजीत सिंह झांझड़ा हसनपुर, अशोक मलिक थानेदार, अमित अत्रि, मुकेश शर्मा ढ़ाणी माहू, सतवीर दमकोरा, शेर सिंह भूंगला, मीर सिंह नंबरदार झुप्पा कलां, जयपाल खरकड़ी, इंद्र सिंह फरटिया, सोमवीर बारवास, नरेंद्र फरटिया, हवा सिंह ओबरा, सतवीर ओबरा, श्रीचंद ओबरा, सुमेर सिंह दमकोरा, राजपाल ओबरा, राजेश ओबरा, सुमेर सिंह गिगनाऊ, अमर सिंह फरटिया, बलराम ओबरा, धर्मपाल फरटिया केहर, महीपाल बिधनोई, अजित सेरला, हवा सिंह बड़दू चैना, मीर सिंह सिधनवा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।




**ढिगावा।** जागरूकता कार्यक्रम के तहत बच्चों को संबोधित करते हुए।

## हर नागरिक को होनी चाहिए कानून की जानकारी: चालिया

- कुडल के वीर शहीद बनवारी लाल रावमावि में विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस और जनसंख्या नियंत्रण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ढिगावा

गांव कुडल स्थित वीर शहीद बनवारी लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस और जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर एक बहुआयामी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) पवन कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम मे न्याय, जनसंख्या नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर वक्ताओं ने विचार साझा किए। चालिया ने कहा कि डीएलएसए द्वारा विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य न्याय सबके लिए है। न्याय, मानवाधिकार और समानता के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हर नागरिक को कानून की जानकारी होनी चाहिए।

#### संसाधनों की कमी

सीजेएम पवन कुमार ने विश्व जनसंख्या दिवस पर बोलते हुए कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या संसाधनों की कमी, बेरोजगारी, कुपोषण, अशिक्षा, और स्वास्थ्य संकट की जड़ बन रही है। इस पर नियंत्रण हेतु हमें परिवार नियोजन, महिला शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रचार पर ध्यान देना होगा। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को जनसंख्या स्थिरीकरण में भागीदार बनने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस दिशा में लगातार जागरूकता शिविर, स्कूल-कॉलेज संवाद और निःशुल्क सहायता शिविर चला रहा है।

## सीटीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

- उपायुक्त ने हर समस्या को समय सीमा के भीतर हल कर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जिला प्रशासन द्वारा वीरवार समाधान शिविर का आयोजन किया, जिसमें नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिन मामलों का मौके पर ही निपटारा संभव था, उन्हें तुरंत सुलझाया। उन्होंने अन्य मामलों को तय समय सीमा के भीतर हल कर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में सीटीएम जितेन्द्र कुमार ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि समाधान शिविर नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बने हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान एक ही छत के नीचे किया जाता है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं, जिससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया तेज और सुगम हो जाती है। समाधान शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है, ताकि समस्या का समाधान लंबित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता नागरिकों को त्वरित और प्रभावी सेवा प्रदान करना है।




**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में समस्याएं सुनते सीटीएम जितेंद्र कुमार।

## वैश्य मॉडल स्कूल में प्रदर्शनी का आयोजन

- विद्यार्थियों ने चाट्र्स, वर्किंग एवं नॉन- वर्किंग मॉडल्स,प्रोजेक्ट्स, एवं आर्ट एंड क्राफ्ट के तहत बनीं कलाकृतियों का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वैश्य मॉडल स्कूल, भिवानी के प्रांगण में विभिन्न शैक्षणिक विषयों में नवाचार एवं कला समन्वयन पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा ग्रीष्मावकाश गृहकार्य के बतौर बनाए गए चाट्र्स, वर्किंग एवं नॉन- वर्किंग मॉडल्स,प्रोजेक्ट्स, एवं आर्ट एंड क्राफ्ट के तहत बनीं विविध कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया।

प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी, हिंदी,विज्ञान, गणित एवं सामाजिक अध्ययन विषयों पर आधारित आकर्षक व रंग -बिरंगे चाट्र्स एवं मॉडल्स प्रदर्शनी में विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग के दिशा-निर्देशों के तहत विद्यार्थियों द्वारा बनाईं गईं कलात्मक वस्तुएं जैसे मधुबनी पेंटिंग्स, मंडाला आर्ट, मिरर वर्क, अनुपयोगी वस्तुओं से बनाए गए उपयोगी हैंडीक्राफ्ट आइटम्स विशेष दर्शनीय रहे। वरिष्ठ विभाग के विद्यार्थियों ने भी अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, सामाजिक अध्ययन, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं वाणिज्य आदि के गूढ़ सैद्धांतिक विषयों को विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं कल्पना शक्ति के माध्यम से सरल तरीके से समझाने का सफल प्रयास किया। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधानाचार्या एवं विभिन्न कक्षाओं के अकादमिक इचांर्जों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात पहली कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने बारी-बारी से प्रदर्शनी का अवलोकन किया।




**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

#### कला-समन्वयित शिक्षा के प्रचार-प्रसार को दिया जा रहा बढ़ावा

प्रधानाचार्या कमला गुरेजा ने बताया कि केंद्र सरकार एवं सीबीएसई,नई दिल्ली द्वारा लगातार राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कला-समन्वयित शिक्षा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह बात सही भी है कि विद्यार्थी सैद्धांतिक माध्यम से कम बल्कि व्यावहारिक माध्यम से ज्ञान को बहुत जल्दी ग्रहण करते हैं।

## ऋषिराम शर्मा का योगदान अविस्मरणीय



- शिक्षा बोर्ड परिसर में मनाई सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व नेता ऋषिराम शर्मा की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कार्यालय परिसर में वीरवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 संबंद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व दिग्गज नेता स्व. ऋषि राम शर्मा की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस शोक सभा की अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर स्वामी ने की एवं मंच का संचालन महासचिव सोमवीर पुनिया ने किया। इस सभा में मुख्य वक्ता के तौर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेश कोषाध्यक्ष मा. सुखदर्शन सरोहा ने शिरकत की।

इसके अलावा उनके सुपुत्र रितेश शर्मा, संगठन के पूर्व महासचिव दुलीचंद यादव, पूर्व कोषाध्यक्ष चंद्रेश, बिजली बोर्ड सर्कल सचिव अशोक गोयत, धर्मवीर भाटी व हेमसा के नेता राजेश लांबा एवं प्रदेश व जिला स्तर के अन्य पूर्व तथा वर्तमान पदाधिकारी भी शोक सभा में शामिल हुए। इस मौके पर उपस्थित सभी नेताओं एवं बोर्ड के कर्मचारियों व अधिकारियों ने स्व. ऋषि राम शर्मा की दिवंगत आत्मा को नमन किया तथा पुष्पांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा संगठन व संस्था हित में किए गए अदभुत कार्यो के लिए उनको हमेशा याद किया जाएगा। शिक्षा बोर्ड में संगठन खड़ा से लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने में दिया गया उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। उन जैसे महान व साहसी साथी की कमी संगठन व कार्यालय को हमेशा महसूस होती रहेगी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान सत्यवीर स्वामी व अन्य नेताओं ने कहा कि वह स्व. ऋषि राम शर्मा ने केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि अपने आप में संस्था थे। वर्तमान में सरकारों द्वारा संस्थाओं व कर्मचारियों पर जिस प्रकार से प्रहार किए जा रहे है, ऐसे हालातों में उनके द्वारा बताए गए रास्तों व मार्गदर्शन पर चलने की सख्त आवश्यकता है। यही उनकी पुण्यात्मा को एक सच्ची व सही श्रद्धांजलि होगी। शोक सभा में वरिष्ठ उपप्रधान देवेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, अशोक पिलानिया, अशोक लांबा, अंजू बाला, संदीप शर्मा, भारतदीप, अमनदीप, सतेंद्र आदि कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## अविशा सरदाना के जन्मदिन पर लगाए पौधे

- पेड़ हमारे जीवन का आधार, इनकी रक्षा प्रत्येकजन का दायित्व : बाबा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सद्भावना त्रिवेणी रोपण अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। त्रिवेणी बाबा के सान्निध्य और पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा के नेतृत्व में अविशा सरदाना के 16वें जन्मदिन पर वीरवार को सेक्टर 13 ग्रीन बेल्ट में त्रिवेणी का रोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और भावी पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से किया।

उन्होंने कहा कि त्रिवेणी, जिसमें बरगद, पीपल और नीम के पेड़ शामिल होते हैं, को भारतीय संस्कृति में अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है। इन पौधों का रोपण न केवल पर्यावरणीय संतुलन में योगदान देता है, बल्कि आध्यात्मिक एवं औषधीय महत्व भी रखता है। उन्होंने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं और हमें इनकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को ऐसे अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम ने बताया कि सद्भावना त्रिवेणी रोपण का अभियान निरंतर जारी रहेगा और अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने अविशा सरदाना को उनके जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण के इस नेक कार्य में योगदान देने के लिए बधाई दी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने विशेष अवसरों पर पौधरोपण जैसे कार्यों में शामिल हो। इस अवसर पर भूमिका सरदाना, अजय सरदाना, कविता, सुनीता व अनीता आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** त्रिवेणी पौधरोपित करते पर्यावरण प्रेमी। *फोटो: हरिभूमि*

## कन्या भ्रूण हत्या रोकने की शपथ ली

- गांव जावा और हड़ोदी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव जावा और हड़ोदी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या के प्रति ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करना और बेटियों के महत्व को समझाना था। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या एक गंभीर समस्या है, जिसका समाधान हमें मिलकर करना होगा। उपस्थित महिलाओं तथा पुरुषों से कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए शपथ लेने और सभी को जागरूक करते हुए कहा कि बेटियों को शिक्षित और सशक्त बनाने से ही समाज का विकास संभव है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने भी इस शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई और ग्रामीण महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व के बारे में जानकारी दी।




**चरखी दादरी।** कन्या भ्रूण हत्या रोकने की शपथ लेती महिलाएं। *फोटो: हरिभूमि*

### गंगाजल के लिए श्रद्धालुओं को नहीं करनी पड़ेंगी लंबी यात्रा

# डाक विभाग ने सावन में दी शिवभक्तों को सौगात

- धार्मिक अनुष्ठानों में सहायता कर आस्था को और मजबूत करेगी डाक विभाग की पहल : संजय
- अब पवित्र गंगाजल मात्र 30 रुपये में देशभर के डाकघरों में उपलब्ध होगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सावन का पवित्र महीना शुरू होते ही देशभर में शिवभक्तों की आस्था उमड़ पड़ती है। भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए श्रद्धालु गंगाजल से उनका अभिषेक करना शुभ मानते हैं, लेकिन कई बार दूर दराज के इलाकों में या सीमित साधनों वाले भक्तों के लिए गंगाजल प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है।

इसी समस्या को समझते हुए भारतीय डाक विभाग ने नई पहल की है, जिससे अब पवित्र गंगाजल मात्र 30 रुपये में देशभर के डाकघरों में उपलब्ध होगा। भिवानी मुख्य डाकघर अधीक्षक संजय कुमार ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस पवित्र सेवा का लाभ उठाते हुए भिवानी, चरखी दादरी व महेंद्रगढ़ जिले के अपने निकटतम डाकघर में संपर्क करें और पवित्र गंगाजल प्राप्त करें, ये पहल शिवभक्तों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

#### सीधी डिलीवरी की सुविधा भी मिलेगी



डाकघर अधीक्षक संजय ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गंगाजल को अत्यंत पवित्र माना गया है, जो धार्मिक अनुष्ठानों, पूजा-पाठ तथा आस्था के कार्यों में विशेष रूप से उपयोग किया जाता है। इसी श्रद्धा और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए भारतीय डाक विभाग ने हर घर गंगाजल पहल के तहत पवित्र गंगाजल की उपलब्धता सुनिश्चित की है। इस सुविधा के तहत ग्राहक ना केवल डाकघर से गंगाजल खरीद सकते हैं, बल्कि इच्छानुसार सीधी डिलीवरी की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा शिव भक्तों, वरिष्ठ नागरिकों तथा उन लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है, जो किसी कारणवश हरिद्वार या गंगोत्री धाम नहीं जा सकते।

#### लंबी यात्रा की जरूरत नहीं

उन्होंने कहा कि अब उन्हें गंगाजल प्राप्त करने के लिए लंबी यात्राएं करने या अधिक पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी। डाकघर की ये सुविधा विशेष रूप से ग्रामीण और कस्बावासियों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगी, जहां गंगाजल की उपलब्धता अक्सर चुनौती बनी रहती है।इस बारे में भिवानी डाकघर अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सावन के महीने में शिवभक्तों की श्रद्धा को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने ये निर्णय लिया है, जिसके तहत अब पवित्र गंगाजल मात्र 30 रुपये में 250 मिलीलीटर की बोतल में नजदीकी डाकघर पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि ये गंगाजल प्रमाणित स्त्रोत से संग्रहित किया गया है, जिसे भारतीय डाक के माध्यम से आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### खेमचन्द स्टेडियम की लड़कियों ने जीते पदक

**भिवानी।** करनाल के कर्ण स्टेडियम में 15 व 16 जुलाई को आयोजित 15वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलैटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बाबा भैरूनाथ स्पोर्टस एसोसिएशन अकेडमी चौ. खेमचन्द स्टेडियम बुशान की दो छात्राओं ने कास्य पदक जीते। सीमा कालीरामन ने 100 मीटर बाधा दौड़ में तथा दिशा सागवान पठाथलॉन में कास्य पदक जीता। कोच व चौ. खेमचन्द स्टेडियम के इन्चार्ज पूर्व डीएसओ कालीरामन ने बताया कि दोनों खिलाड़ी जूनियर स्तर की है और उनके द्वारा सीनियर में कास्य पदक जीतना बहुत अच्छी बात है।

### अणुव्रत चित्रकला में नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**भिवानी।** अणुव्रत विश्व भारती द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में श्री राम पाठशाला की छात्रा नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिए गए विषय एक श्रेष्ठ नागरिक का संविधान के प्रति दायित्व पर पाठशाला के अनेक बच्चों ने भाग लिया और अच्छी-अच्छी पेंटिंग्स बनाई । प्रतियोगिता के संयोजक रमेश बंसल ने बताया कि विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे जो 30 जुलाई से पहले आयोजित की जाएगी।

### तेरापंथ प्रोफेशनल का आंखों का मेगा जांच शिविर आज

**भिवानी।** तेरापंथ प्रोफेशनल फॉर्म द्वारा देश भर में मेगा आई हेल्थ चेक अप शिविर आयोजित किया जा रहे हैं ,इसी कड़ी में स्थानीय इकाई द्वारा लिटिल हार्ट पब्लिक स्कूल में आज शुक्रवार को सुबह ठीक बजे से मेगा जांच शिविर का शुभारंभ होगा। इस शिविर में साध्वी तिलक का सानिध्य मिलेगा। मुख्य अतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ होंगे।

### चरणबद्ध रोष प्रदर्शन करेंगे श्रमिक संगठन

**बाढड़ा।** प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिक व कामगारों के हितों के लिए संचालित योजनाओं पर अलग अलग शर्ते लगाकर उनको रोकने का काम किया जा रहा है जिसे किसीू सरत में सहन नहीं किया जाएगा। सरकार की मनमानी के खिलाफ आगामी २५ जुलाई से पांच अगस्त तक स्थानीय विधायकों व मंत्रियों को ज्ञापन दिया जाएगा तथा 20 जुलाई से अगस्त तक जिला स्तर पर प्रदर्शन, पड़ाव किए जाऐंगे। यह जानकारी भवन निर्माण कामगार यूनियन सीटू जिला संयोजक सुमेर सिंह व रोशन लाल ने देते हुए बताया कि यह फैसला राज्य कमेटी बैठक सर्कुलर यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मनोज सोनी की अध्यक्षता में लिया गया।

### अंग्रेजी कविता पाठ स्पर्धा का हुआ आयोजन

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया तथा मनमोहक हाव, भावों के साथ अंग्रेजी में काव्य वाचन कर शानदार प्रस्तुति दी। अंग्रेजी आचार्या मनीषा व आचार्य मनोज कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कक्षा आठवीं की छात्रा आराध्या व गहना ने शानदार मंच संचालन किया।

### विवि प्रशासन ने लिए लिए कई अहम निर्णय

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय विद्यार्थी हितों को लेकर पूर्णतया गंभीर है और विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों के हित एवं छात्र कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं इसी दिशा में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जो विद्यार्थी बीपीएल परिवार से हैं या आर्थिक तौर पर कमजोर हैं और एक मुश्त वार्षिक फीस जमा करने में असमर्थ हैं तथा जिन कोर्सेज की वार्षिक फीस 20 हजार से अधिक है, वह विद्यार्थी विश्वविद्यालय प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर अपनी फीस साल में दो बार दो किश्तों में जमा करवा सकते हैं।

---

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज की मुहिम हुई सार्थक

# सरकारी विद्यालयों में प्रार्थना सभा में बच्चे पढ़ेंगे गीता के श्लोक
# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने विद्यालयों को जारी किया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

हरियाणा के विद्यालयों में अब प्रार्थना सभा में गीता के श्लोक पढ़े जाएंगे। इसके लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार ने प्रदेश के सभी विद्यालय मुखियाओं को इस संदर्भ में पत्र लिखा है। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गीता के श्लोक अति-आवश्यक हैं। इसका शुभांरभ आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिसर में स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल से हुई। विद्यालय में सभी छात्र/छात्राओं ने प्रार्थना सभा में गीता के श्लोक पढ़े। इस दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने ऑनलाइन माध्यम से छात्र/छात्राओं को अपने आशीर्वचन दिए। स्वामी ज्ञानानंद महाराज काफी समय से गीता के प्रचार-प्रसार में लगे हुए है ताकि छात्र/छात्राओं में सार्थक गुण विद्यमान हो सकें।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गीता के श्लोक आवश्यक : पवन कुमार




भिवानी। कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते शिक्षा बोर्ड चेयरमैन व प्रार्थना सभा में गीता के श्लोक पढ़ते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

#### गीता का जीवन में बड़ा योगदान

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि गीता का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने सभी विद्यालय मुखियाओं से आग्रह किया है कि वे प्रतिदिन प्रार्थना सभा में गीता पाठ करवाएं, ताकि छात्र/छात्राओं में आध्यात्मिक गुणों का विकास हो। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि गीता जीवन का सार है। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा देश भर में गीता को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है जोकि जीवन में काफी सार्थक साबित होगा। इस अवसर पर कृष्ण कृपा समिति के जिला अध्यक्ष नरेश आहूजा, सदस्य विनोद छाबड़ा, आत्म प्रकाश टुटेजा, चन्द्र प्रकाश, बृजेश जावला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

#### तन-मन रहते स्वच्छ

उन्होंने बताया कि आज सुबह सवेरे कृष्ण कृपा समिति के स्वास्थ्य प्रकल्प के जिला अध्यक्ष डॉ. विनोद अंचल की उपस्थिति में सर्वपल्ली राधाकृष्णन लैब स्कूल में प्रार्थना सभा में छात्र/छात्राओं ने गीता के श्लोक पढ़े। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन गीता पाठ करने से तन और मन दोनों स्वच्छ रहते है। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक छात्र/छात्रा को गीता पाठ करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण कृपा समिति द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में गीता पाठ करवाए जाने को लेकर कार्य किया जा रहा है।

---

### हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन हुआ सख्त

# जागा प्रशासन, टूटे डिवाइडर व ग्रिल की जगह लगाए सीमेंट के बैरिकेड्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

महाराणा प्रताप चौक से पुराना बस स्टैंड की ओर जाने वाले सड़क मार्ग के बीच बना डिवाइडर व उस पर लगी लोहे की ग्रिल बार-बार टूटने से जिला प्रशासन सख्त हो गया हैं। ये सब हरिभूमि समाचार पत्र में गत 20 जून के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की गई खबर का असर हैं, जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया हैं और टूटे डिवाइडर व ग्रिल को हटवाकर वहां पर भारी भरकम सीमेंट के बैरिकेड्स रखे गए हैं, जिसके बाद वाहन चालकों व राहगीरों को चौक से ही घूमकर आना पड़ेगा। बार-बार एक ही स्थान से डिवाइडर व ग्रिल टूटने से संशय बना हुआ था कि कहीं दुकानदार अपने फायदे के लिए जान-बूझकर डिवाइडर व ग्रिल को तुड़वाकर हादसे का रूप तो नहीं दे रहे। जिला प्रशासन अब इस मामले में सख्त हो गया हैं और उन्होंने यहां भारी भरकम सीमेंट के बैरिकेड्स रखकर स्थायी प्रबंध कर दिया हैं, जिनके ऊपर से राहगीरों और बेसहारा पशुओं का निकलता मुश्किल हैं। उल्लेखनीय हैं कि हांसी गेट महाराणा प्रताप चौक से पुराना बस स्टैंड की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर मात्र 50 मीटर की दूरी पर रोड के बीच जिला प्रशासन ने डिवाइडर का निर्माण करवाकर उस पर लोहे की ग्रिल लगाई थी, ताकि वाहन चालक व राहगीर सड़क के बीच से दूसरी ओर न जाए और चौराहे से घुमकर निकले, जिससे यातायात नियमों का पालन हो और हादसों पर भी रोक लगे। चौक से मात्र 50 मीटर दूरी पर एक ही स्थान से बार-बार डिवाइडर व ग्रिल का डंपर व ट्राले से टकराने से टूटना और हादसा होना संशय पैदा करता था कि आखिर एक ही जगह पर डंपर या ट्राला कैसे टकराता हैं और डिवाइडर व ग्रिल क्यों टूटती हैं। हादसे के बाद काफी दिन तक उक्त स्थान से रोड के दोनों ओर आवागमन होना और चाहने वालों को फायदा पहुंचने का खेल चलता रहता था। हरिभूमि समाचार पत्र ने गत 20 जून के अंक में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। अब डिवाइडर व ग्रिल को पूरी तरह से हटाकर सीमेंट के भारी भरकम बैरिकेड्स रख दिए हैं।




भिवानी। जिला प्रशासन द्वारा महाराणा प्रताप चौक के निकट सड़क के बीच रखवाए गए सीमेंट के बैरिकेड्स व सीमेंट के बैरिकेड्स के पास तोड़े गए ग्रिल के हिस्से के बीच से निकलते राहगीर, जो हादसे को न्योता दे रहे हैं। फोटो: हरिभूमि

#### स्पीड ब्रेकर की जरूरत

महाराणा प्रताप चौक के निकट मोबाइल शॉपस के आगे सड़क पर मोड़ है। यहां वाहन तेज गति से निकलने हैं, जिससे हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। हादसों से बचने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाना बहुत जरूरी हैं।



भिवानी। चौक के निकट दुकानदारों द्वारा होर्डिंग व बैनर रखकर कब्जाई गई फुटपाथ, जिसकारण राहगीर सड़क पर चलते हैं।


आखिर कैसे टूटती हैं महाराणा प्रताप चौक के पास डिवाइडर पर लगी ग्रिल

हरिभूमि समाचार पत्र में 20 जून को प्रकाशित खबर।

#### फुटपाथ पर रखे होर्डिंग,सड़क पर खड़े किए वाहन

महाराणा प्रताप चौक के निकट दुकानदारों ने सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ पर होर्डिंग व बैनर रखकर कब्जा कर रखा हैं। इसके अलावा दुकानदारों द्वारा फुटपाथ के आगे सड़क पर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं, जिसकारण राहगीरों को फुटपाथ पर चलने की जगह नहीं मिलती और उन्हें मजबूरीवश सड़क के बीच चलना पड़ता हैं, जिससे हादसे होने का अंदेशा बना रहा हैं।

#### ग्रिल का एक हिस्सा तोड़ा

जिला प्रशासन द्वारा डिवाइडर की जगह सीमेंट के भारी भरकम बैरिकेड्स लगाने के थोड़ी दूरी पर मिष्ठान भंडार के सामने ग्रिल का एक हिस्सा तोड़ा गया हैं, जहां से राहगीर निकलने का प्रयास करते हैं और हादसों का शिकार हो रहे हैं।

---



तोशाम। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एसडीएम। फोटो: हरिभूमि

# एनीमिया मुक्त बनाने को तालमेल करें अधिकारी : नैन

- एसडीएम ने अधिकारियों के संग की मंत्रणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|तोशाम

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों के एचबी व अन्य जरुरी टेस्ट करके हैल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाएं।विद्यार्थियों के हेल्थ कार्ड एनीमिया उन्मूलन अभियान के माध्यम से बनाएं। इस अभियान के तहत उपमंडल के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में लगातार कैम्प लगाएं। एसडीएम वीरवार को कार्यालय में अधिकारियो के साथ ग्रामीण क्षेत्र में एनीमिया के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभागों के अधिकारी, विकास एवं पंचायत, राजस्व विभागों के अधिकारियो और कर्मचारियों के साथ बेहतर आपसी तालमेल बनाकर कैम्पों का बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। डॉ नैन ने बताया कि एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की कमजोरी है। उपमंडल में एनीमिया उन्मूलन अभियान के दौरान सभी विद्यार्थियों के एचबी व अन्य टेस्ट जरूर किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तालमेल करके उपमंडल में बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार उपमंडल में एनीमिया उन्मूलन शुरू करें।

#### ये हैं एनीमिया के लक्षण

एसएमओ डॉ. कमल ने बताया कि शरीर में कमजोरी, आसानी से थक जाना, पीली त्वचा, सांस की तकलीफ, ऑर्थोस्टैटिक,हाइपोटेंशन, बार-बार सिरदर्द होना, चिड़चिड़ा व्यवहार, फटी या लाल जीभ, भूख में कमी, खाने की अजीब सी लालसा आदि होने पर तुरंत अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर डॉ. को दिखाना चाहिए। बैठक में एसएमओ डॉ. कमल, मैडिकल आफिसर डॉ. रोहित, एनीमिया क्षेत्रीय अधिकारी डॉ अनिल कुमार, नसीब सहित, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, विकास एवं पंचायत विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी

- विश्वकर्मा व सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चरखी दादरी

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने पीएम विश्वकर्मा व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पारंपरिक व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के निर्बाध और कुशल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने की अनिवार्य आवश्यकता को लेकर चर्चा हुईं। उन्होंने बताया कि पीएम-विश्वकर्मा योजना में अब पांच हस्त व्यवसायों को शामिल किया, जिनमें नाव बनाना, शस्त्राकार, ताला बनाना, सुनार व मोची का काम शामिल है। योजना में विभिन्न व्यावसायों से जुड़े दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी।



चरखी दादरी। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीसी मुनीश शर्मा।

डीसी ने बताया कि योजना के तहत कारीगर को पहले अपना पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करवा चुके आवेदकों का फिजिकल वेरिफिकेशन ग्राम और शहर स्तर पर किया जाएगा। छोटे कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहले एक लाख रुपये का लोन दिया जाएगा, जिसे 18 महीनों में पांच प्रतिशत की ब्याज दर से चुकाया जाना है। बैंक ऋण की अदायगी के बाद इन कारीगरों को दोबारा ट्रेनिंग दिलवाई जाएगी।

ट्रेनिंग में हर रोज 500 रुपये का स्टाइफंड दिया जाएगा। इसके बाद दो लाख रुपये का लोन मिलेगा, जिसकी अदायगी तीस माह में की जानी है। इस दौरान कारीगरों को बाजार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना पांच साल के लिए है और पहले साल में देशभर के तीस लाख कारीगरों को जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

---

# डीएलएएस का उद्देश्य सब के लिए न्याय

- विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस और जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|लोहारू

उपमंडल के कुडल के वीर शहीद बनवारी लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस और जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक बहुआयामी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम मे न्याय, जनसंख्या नियंत्रण पर वक्ताओं ने विचार साझा किए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया ने कहा कि डीएलएसए द्वारा विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य न्याय सबके लिए है। न्याय, मानवाधिकार और समानता के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



लोहारू। लोहारू के कुड़ल के राजकीय विद्यालय में कार्यक्रम मौजूद अतिथिगण , स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

#### परिवार नियोजन पर ध्यान

इस पर नियंत्रण हेतु हमें परिवार नियोजन, महिला शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रचार पर ध्यान देना होगा। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को जनसंख्या स्थिरीकरण में भागीदार बनने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इस दिशा में लगातार जागरूकता शिविर, स्कूल-कॉलेज संवाद और निःशुल्क सहायता शिविर चला रहा है। इस दौरान विद्यालय परिसर में नीम, पीपल, गुलमोहर, अमरूद आदि के पौधे लगाकर पोधा रोपण अभियान की शुरूआत की गई। सेशन जज डीआर चालिया और सीजेएम पवन कुमार ने ग्राम पंचायत और स्कूली बच्चों को खेल का सामान भेंट किया। सेवानिवृत एचसीएस अधिकारी आरसी शर्मा ने अतिथियों का धन्यवाद किया और ग्रामीणों से पौधे लगाने को प्रेरित किया।

---

### पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदकर भूले विभाग के अधिकारी

# पाइप लाइन के अधूरे काम से लोग परेशान

- जगह-जगह गहरे व खतरनाक गड्ढे खुले होने से बनी रहती बच्चों की चिंता : नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

कोंट रोड स्थित गली नंबर-8 के निवासियों को पिछले एक महीने से नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर है। करीब एक साल पहले पाइप लाइन बिछाने की मांग के बाद अब जाकर प्रशासन ने सुध ली, लेकिन ये भी आधी-अधूरी साबित हुई है। पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोद दी, लेकिन काम अधूरा छोड़कर प्रशासन इसे भूल गया है, जिसके चलते जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हैं। इन गड्ढों के कारण हादसे का डर सता रहा है, वहीं पिछले एक महीने से पानी की सप्लाई ठप होने और दूषित पानी आने से बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। गली नंबर-8 के क्षेत्रवासी पूर्व शिक्षक नरेश शर्मा, कविता, योगेंद्र, राजेश वधवा, यशपाल का कहना हैं कि जिला प्रशासन ने करीब एक महीने पहले पाइप लाइन बिछाने के लिए पूरी गली को खोद दिया, लेकिन काम पूरा किए बिना ही अधूरा छोड़ दिया। अब गली में जगह-जगह गहरे व खतरनाक गड्ढे बने हैं, जिनमें बच्चों व बेसहारा पशुओं के गिरने का भय बना हुआ हैं। क्षेत्रवासियों ने कहा कि सड़क पर बने गड्ढों के अलावा गली नंबर-8 के लोग पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। पिछले एक महीने से क्षेत्र में पानी की सप्लाई लगभग बंद है, अगर कभी कभार पानी आता भी है, तो वह इतना दूषित होता है कि उसे पीना तो दूर, सूंघना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि जो पानी आता है, वो काला एवं बदबूदार होता है, जिसकारण दूषित पानी के कारण क्षेत्र में डायरिया और अन्य बीमारियों फैलने का भय बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन की उदासीनता पर गहरा रोष जताया है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से तुरंत मामले में हस्तक्षेप करने और पाइप लाइन का काम जल्द पूरा करने की मांग की, ताकि स्वच्छ साफ पानी मिल सके और सड़क में बने गड्ढों से मुक्ति मिल सके।



#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नरेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, तुलसीदास, राजेश वधवा, यशपाल ढ़ींगड़ा, अशोक ढ़ींगड़ा, अरविंद सांगवान, अमर सिंह सांगवान, मदन मास्टर आदि मौजूद रहे।

भिवानी। धंसी गली को लेकर विरोध जताते क्षेत्रवासी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को भिवानी शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



| | |
|---|---|
| आयु | : 18 से 30 वर्ष तक |
| योग्यता | : 10+2 या इससे अधिक |
| वेतन | : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार) |
| मिलने का समय | : प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को) |

अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005